भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 381
उत्तर देने की तारीख 05.02.2024

ओडिशा सांस्कृतिक केन्द्र के लिए भूमि आवंटन

381. श्री भर्तृहरि महताब :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्र सरकार ने दिल्ली में ओडिशा सांस्कृतिक केन्द्र और पुस्तकालय के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित भूमि आवंटित करने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने ओडिशा के लोगों को अपनी सांस्कृतिक समृद्धि प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करने अथवा प्रेरित करने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, नहीं।

(ख): उपर्युक्त को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग): ओडिशा में सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए, संस्कृति मंत्रालय अपनी विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत सहायता प्रदान करता है जिनका विवरण **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

****

अनुलग्नक

'ओडिशा सांस्कृतिक केन्द्र के लिए भूमि आवंटन' के संबंध में दिनांक 05 फरवरी, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 381 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम: - संस्कृति मंत्रालय ने अपनी स्कीम राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के तहत ओडिशा राज्य में एच.के.एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर और जिला पुस्तकालय, गंजम को वित्तीय सहायता संस्वीकृत की है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई): एएसआई के ओडिशा राज्य में तीन स्थल संग्रहालय हैं (i) रत्नागिरी; (ii) ललितागिरी और (iii) कोणार्क।

ललित कला अकादेमी: - ललित कला अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा दृश्य कलाकारों को बढ़ावा देने और प्रेरित करने के उद्देश्य से 1988 में भुवनेश्वर में अपना क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किया गया जिसमें ओडिशा सहित पूरे देश से कलाकारों को आमंत्रित करते हुए नियमित रूप से कला शिविर/कार्यशालाओं/प्रदर्शनी/कला महोत्सवों का आयोजन किया जाता है।

मंच कलाएँ: - संस्कृति मंत्रालय ने ओडिशा के लाभार्थियों को कला संस्कृति विकास योजना (केएसवीवाई) की समावेशी स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की है: -

स्कीम का नाम
गुरु शिष्य परंपरा के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान)
सांस्कृतिक समारोह और निर्माण अनुदान (सीएफपीजी)
राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता
स्टूडियो थियेटर सहित भवन निर्माण अनुदान
कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति की स्कीम
वयोवृद्ध कलाकारों के लिए वित्तीय सहायता

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी):- सीसीआरटी ने स्कूलों में सांस्कृतिक क्लब स्थापित करने का कार्य किया है। सांस्कृतिक क्लब के छात्रों को वर्तमान मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रोत्साहित करने वाले, जिम्मेदार, उत्सवमय समुदाय का सृजन करने हेतु सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक स्वर बनने का अवसर प्रदान करते हैं। ओडिशा राज्य में सीसीआरटी द्वारा 134 सांस्कृतिक क्लब स्थापित किए गए हैं।

****